प्रादेशिक समाचार
09.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की। आज जारी किए गए इसके दूसरे वीडियो में उन्होंने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर बातचीत की। श्री मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षाओं से परे देखने और जीवन कौशल, खेल, रचनात्मकता तथा आत्म–विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया। श्री मोदी ने विद्यार्थियों को छोटे स्टार्टअप से अपनी उद्यमशीलता की यात्रा शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि बड़े विचार अक्सर छोटी शुरुआत से ही पनपते हैं।

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय, इडी के अधिकारियों के विरुद्ध पुलिस जांच एवं किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई पर लगी रोक को अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। आज न्यायमूर्ति एस.के. द्विवेदी की अदालत में हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व में दी गई अंतरिम राहत को कायम रखा। इस मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी को निर्धारित की गई है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा, जबकि ईडी की ओर से भारत के सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू, अधिवक्ता एके दास और सौरभ कुमार ने दलीलें पेश कीं।

****

मानगो नगर निगम चुनाव से पहले कांग्रेस ने मेयर पद की उम्मीदवार जेबा खान को 6 साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया है। मुख्य कारण पार्टी के आधिकारिक फैसले के खिलाफ जाकर चुनाव लड़ना है। कांग्रेस ने पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता की पत्नी सुधा गुप्ता को अपना समर्थन दिया है।

****

धनबाद में चिरकुंडा नगर परिषद चुनाव को लेकर भाजपा उम्मीदवार बर्नाली बाउरी के कार्यालय में कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट और धक्का–मुक्की हुई। इस हंगामे में महिलाओं के साथ भी अभद्रता की गई। घटना के समय वरिष्ठ नेता वहां मौजूद थे। पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया।

****

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 18 फरवरी से 19 मार्च तक चलेगा। पुलिस मुख्यालय ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहने और सदन के प्रश्नों का समय पर सटीक उत्तर देने के निर्देश जारी किए हैं। विधानसभा की सुरक्षा और सुचारू संचालन के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

****

पाकुड़ पुलिस ने शहरी क्षेत्र में सक्रिय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी द्वारा गठित एसआईटी ने एसडीपीओ दयानंद आजाद के नेतृत्व में छापेमारी की। गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर 6 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।

****

राज्य में बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में भारी उतार–चढ़ाव जारी है। दिन में पारा 30 डिग्री के पार जा रहा है, जबकि रात में यह 7–10 डिग्री तक गिर रहा है। इस असंतुलन से सर्दी–जुकाम और ब्लड प्रेशर के मरीज बढ़ गए हैं। चिकित्सकों ने लोगों को इस मौसम में सचेत रहने की सलाह दी है।

****

लोहरदगा में बलदेव साहू मेमोरियल टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कल से 13 फरवरी तक होने जा रहा है। आईपीएल की तर्ज पर आयोजित इस टूर्नामेंट में झारखंड के विभिन्न जिलों की 8 टीमें भाग ले रही हैं। लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष और राज्यसभा के पूर्व सदस्य धीरज प्रसाद साहू ने बताया कि इस टूर्नामेंट में खेल, मनोरंजन और राजनीति जगत के कई बड़े सितारे शामिल होंगे।

आयोजन में राज्य के कई मंत्रियों को आमंत्रित किया गया है, जिनमें ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह, खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी शामिल हैं।

********समाप्त*********